पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

9 मार्च, 2021

पीएफसी ने पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के सहयोग से 23वें "इंटर सीपीएसयू टेबल टेनिस टूर्नामेंट" का आयोजन किया

नई दिल्ली, मार्च 9, 2021: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), विद्युत क्षेत्र में अग्रणी एनबीएफसी ने 5 मार्च से 8 मार्च, 2021 तक त्यागराज स्टेडियम, आईएनए, नई दिल्ली में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में 23वें इंटर सीपीएसयू टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया।

विद्युत क्षेत्र की ग्यारह टीमों (विद्युत मंत्रालय, सीईए, आरईसी, पावरग्रिड, एनएचपीसी, टीएचडीसी, डीवीसी, एसजेवीएनएल, बीबीएमबी, पीओएसओसीओ और पीएफ़सी) ने टूर्नामेंट में भाग लिया।

श्री पी.के.सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक) ने 5 मार्च, 2021 को टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और श्री आर.एस.ढिल्लों, सीएमडी ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाई और 8 मार्च, 2021 को विजेता टीम के सदस्य को शील्ड और पदक प्रदान किए।

पीएफसी ने हमेशा अपने कार्यबल और स्टेकधारकों के बीच खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। 23वां इंटर सीपीएसयू टेबल टेनिस टूर्नामेंट एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य के लिए इसके लोकाचार की दिशा में एक और कदम था।

हस्ता/-

(एस एस राव)

वरिष्ठ महाप्रबंधक (पीआर)